सांध्य दैनिक

डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

गुरु पूर्णिमा विशेष शुभकामनाएं

वर्ष : 8 अंक : 354 | इंदौर, सोमवार 03 जुलाई, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

'गुरु की पादुका फर्नीचर नहीं है तुम्हारा फ्यूचर है'

मैं पूरे विश्व को बहुत प्रेम करता हूँ ... और इस ममता के कारण कहता हूं कि आप जिसको मानते हो... जिसमें श्रद्धा हो ...शिव ... दुर्गा... राम... कृष्ण... हनुमान जी ...गणेश जी... जो भी हो... वृंदावन बिहारी... अवध विहारी... कैलास ... जो भी हो ....हर प्रकार की सुविधा हो ....तो एक बार उसके सामने दो दीपक ...दो दीप जलाना... और कुछ नहीं...

अंतरबाह्य प्रकाश हो जाएगा.... इतना हम कर सकते हैं... बड़े-बड़े योग...समाधि ...जप.... तप... हम कहां कर सकते हैं....

खेत में काम करना... मजदूरी करना... ऑफिस में काम करना ...जिसका जो पेशा...दो दीप ....कुछ पाने के लिए नहीं ...सिर्फ प्रकाश के लिए ....और विशेष कुछ नहीं....

जिस बुद्धपुरूष में आपकी पूर्णतः निष्ठा हो उनकी 2 पादुका रखिये ...अपना घर ...अपना परिवार... इसकी रक्षा पादुका करेगा ...मेरा अनुभव है....

और याद रखना... गुरु की पादुका फर्नीचर नहीं है... हमारा फ्यूचर है... हमारा नसीब है ...ये केवल फर्नीचर नहीं है कि शोकेस में रख दो ....

मेरे कहने का मतलब... दो दीप ...दो पादुका ...

रुद्राक्ष अथवा तुलसी माला... जो आपकी इच्छा हो..लेकिन मेरे कंठ में कुछ है ऐसा एहसास करना ....मेरा कंठ किसी के आधार पर है ..और कर में माला .. बेरखा के रूप में...

आप पर कोई प्रेशर नहीं है कि आप यही करो.... आपके गुरु ने जो बताया हो वही करो प्लीज़ .... मोरारी बापू कितना ही कहे उसको बीच से निकाल दो.... आपकी निष्ठा अपने गुरु में होनी चाहिए .....

मैं तो एक डाक लेकर आता हूँ गांव गांव ...तुम्हारे पते पर एक पोस्टकार्ड फेंक देता हूँ .... पढ़ लो और जीवन धन्य कर लो .....

और आपको अच्छा लगे तो घर में रामायण... मानस और गीता रखो... प्लीज़ ... भले ना पढ़ो .. महाभारत की गीता और राम कथा की सीता हमारा जीवन है ...पढ़ो तो बहुत अच्छा है ...निरंतर कुछ पाठ करो तो अच्छी बात है ....

युवान भाई बहन... अपनी झोली में छोटा सा मानस का गुटका ...और छोटी सी भगवद गीता रखिये ...ये हमारी आइडेंटिटी है....

2 दीप ...2 पादुका....कंठ और कर में

2 माला ..रामायण और गीता....ये सब मिलकर हुए 8 और 9 वां ...राम नाम....

राम ना बिसार बंदे ....
परम मंत्र है राम ...
महामंत्र है राम ...
बीज मंत्र है राम...
जब कुछ भी नहीं था तब राम था.....
जब सब कुछ है तब भी राम है....
और जब कुछ भी नहीं बचेगा तब एकमात्र राम बचेगा...





MORARI BAPU

सत्य-प्रेम-करुणा...

गुरु में पंच परम तत्व...

मेरे भाई बहन... हम पंचतत्व से परिचित हैं ...पृथ्वी... आकाश... अग्नि ...तेज अथवा तो प्रकाश... वायु... जल...

त्रिभुवनीय दिन है गुरु पूर्णिमा ....तो इसी कथा में हम सब संवाद के रुप में जगत भर के गुरुओं की वंदना कर लें ... सभी आचार्यो की वंदना कर लें ... सभी बुद्ध पुरुषों की वंदना कर लें ... सभी परमहंसों की वंदना कर लें ... सभी अवधूतों की वंदना कर लें ... परम साधुओं की वंदना कर लें ...क्यों?.... इसलिए कि हमारे में पांच तत्व है... लेकिन गुरु ये तत्व नहीं है ...गुरु परम तत्व है ...नास्तितत्वं गुरोपरम ....

1....पृथ्वी .....

पृथ्वी तत्व है ...लेकिन गुरु परम तत्व है ....हम सब जानते हैं पृथ्वी में भूचाल आता है ...पहाड़ टूटते हैं... अस्तव्यस्त सब हो जाता है... पृथ्वी कँप जाती है ...कई मुल्कों में पृथ्वी से लावा निकलता है और मीलों तक सब भूमि भस्मीभूत हो जाती है .... लेकिन परम तत्व जो गुरु है उसमें कभी भूचाल नहीं आता ...ये अकंप है **...डोले वो गुरु नहीं... डोला दे वो गुरु.... परम तत्व गुरु वो है जिसमें कभी लावा नहीं निकलेगा ...**किसी गुरु में से कभी ऐसा लावा निकले और सबको भस्मीभूत कर दे... श्रापों का जगत पुराणों में है... क्रोध किया ...किसी को भस्म कर दिया ....बुद्ध पुरुष में ये नहीं होता... **गुरु के समान धैर्यवान और सहनशील विश्व में कोई नहीं ...**इसलिए वो तत्व नहीं है ...परम तत्व है ...

2...जल...

हमारे में जल है... गुरु परम तत्व होते हुए उसमें सब प्रकार का जल है... सरोवर का जल है ...उसके अंत:करण का जलाशय निर्मल है ...गुरु परिश्रमी होता है... जगत के लिए परिश्रम करता है... गुरु सागर का जल है... विवेक का सागर **...ये कृपासिंधु है ...करुणा सिंधु ...गुरु बहती गंगा है ...चलता हुआ तीर्थ है ...**

3...अग्नि ...

हमारे जैसे शरीर में अग्नि है... ज्यादा हो तो हम जल जायें ... गुरु में ज्ञानाग्नि है ...जिसने ज्ञान की अग्नि में समस्त कर्मों को... प्रारब्ध ... संचित ...क्रियमाण... कोई कर्म उसके पास अगल-बगल में घूमता नहीं **....प्रेमी बुद्ध पुरुष में विरह की अग्नि होती है... हे गोविंद ...हे गोविंद... हे गोविंद ...**

4...वायु ....

हमारे शरीर में तत्व है वायु ...वायु के 3 गुण है शास्त्रों में... मंद... सुगंध... शीतल... गुरु परम तत्व है तब उसको जो समीर है ...उसके पास जो बैठा हो तब सामने वाले का पात्र कितना है ऐसे रूप में ये मंद ...मध्यम ...या तो उच्च वायु हो जाती है... वो वायु कायम मंद चलता है ...लेकिन कभी कभी जरूरत पड़े कि नहीं ...इसका अधिकार और हो चुका है ...यहां धीरे-धीरे नहीं... यहां एक धड़ाका करने की जरूरत है... गुरु का सानिध्य ...ये बिल्कुल शरीर के निकट बैठना नहीं ... हाँ उसकी भी महिमा जरूर है ...I know ...but दूर बैठे हुए भी ये महसूस हो सकता है... शीतलता लगे ...एक छाँव लगे ....जो शांति दे वो बुद्ध पुरुष ....और उसके दास नहीं ...उसके दास हो उसके भी हम दास बन जाएं ....

गुरु एक ऐसी शीतलता है ...वो रिमोट अपने पास रखता है कि उसके पास बैठने से कितनी उसको शीतलता देनी... कितनी नहीं देनी... कहीं वो जडता की जाड ना लग जाए... ज्यादा शीतलता उसमें तो जडता ना आ जाए कि हम तो ये है ....

खुशबू.... प्रत्येक शरीर में गंध होती है... **लेकिन बुद्ध पुरुष में एक नूरानी खुशबू होती है ...एक डिवाइन स्मेल ... टोटली डिवाइन...** ये दुनिया के किसी भी इत्र में नहीं है.... किसी भी परफ्यूम में नहीं है ....चाहे पैरिस से ले आओ परफ्यूम....

5.... आकाश.....

बुद्ध पुरुष के पास घटाकाश ..मठाकाश ये तो है ...लेकिन परम तत्व होने के कारण उसके पास कौन सा आकाश होता है ? **... रुद्राष्टक में लिखा है चिदाकाशमाकाश वासं भजेहम ....** इस आकाश में ऐसे कई आकाश गायब हो जाते हैं ....निराकार... आकार... सब जिस में समाया हुआ है ...ये आकाश निराकार है लेकिन ऐसे **कोटि-कोटि आकाश जिसमें है वो परात्पर ब्रह्म मेरा राम है** ....परम तत्व के रूप में जो पुरुष में आकाश होता है वो सब को अपनी बाहों में समाविष्ट करता है ...उसका आकाश छोटा नहीं....

।। राम कथा - मानस कर्णप्रयाग ।।

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

कान्ह नदी के स्टाप डेम पर स्लुज गेट का संचालन दो साल से बंद ...

बारिश में पानी रोकने में आएंगी परेशानी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर । कान्ह सरस्वती नदी के स्टाप डेम पर स्लुज गेट (लोहे के गेट) लगाए गए हैं। इनका मेंटेनेंस पिछले दो वर्ष से नहीं हुआ है। ऐसे में बरसात का पानी रोकने में परेशानी हो सकती है। यह देखते हुए नगर निगम के अफसर अब जागे और गेट के संचालन संधारण का टेंडर जारी किया है। दरअसल, भोपाल की जिस ठेकेदार एजेंसी ने गेट लगाए, उसे ही मेंटेनेंस भी करना था। यह काम नहीं करने पर निगम ने एजेंसी को टर्मिनेट कर दिया है।

कान्ह सरस्वती नदी सालभर लबालब रहे, इसके लिए स्टाप डेम बनाए गए हैं। पानी रोकने के लिए इन डेम पर स्लुज गेट लगाए गए हैं। इनका संचालन संधारण पिछले दो वर्ष से नहीं हुआ है। निगम जल यंत्रालय एवं ड्रेनेज विभाग ने भोपाल की जिस ठेकेदार एजेंसी एक्सल इंजीनियरिंग को गेट लगाने का ठेका दिया था, लेकिन उसने यह काम है। नहीं किया जबकि टेंडर शर्त में गेट का मेंटेनेंस शामिल था। इस काम को करने के लिए निगम के अफसरों ने कई बार कहा पर ठेकेदार एजेंसी ने नहीं किया। इस पर ठेकेदार एजेंसी को टर्मिनेट कर दिया है। हालांकि कान्ह सरस्वती नदी के स्टाप डेम पर इंदौर के ठेकेदारों ने भी गेट लगाए, मगर गेट के मेंटेनेंस करने की शर्त शामिल नहीं थी।

दो वर्ष के लिए दिया जाएगा ठेका

टर्मिनेट करने के चलते बरसात के दिनों नें दिक्कत न हो जाए। इसके लिए निगम जल यंत्रालय एवं ड्रेनेज विभाग के अफसर अब जागे और गेट का संचालन संधारण कराने के लिए टेंडर जारी कर दिए हैं। इसके अनुसार दो वर्ष के लिए ठेका दिया जाएगा और 24 लाख रुपए से ज्यादा खर्च किए जाएंगे। मालूम हो कि निगम ने कान्ह सरस्वती नदी के साथ 6 बड़े नालों सहित छोटे नालों में घरेलू और अन्य स्त्रोत से गिरने वाले ड्रेनेज के गंदे पानी को रोकने का काम नाला टेपिंग के जरिए किया। ड्रेनेज के आउट फाल्स बंद होने से जहां कान्ह सरस्वती नदी सहित नाले सूख गए, वहीं नदी में सालभर पानी भरे रहने का दिखाया सपना भी टूट गया। बरसात के दिनों में ही नदी-नाले लबालब नजर आते हैं। बारिश थमते ही इनमें पानी कम और गाद- कचरा ज्यादा नजर आती है। पानी नहीं रुकने की एक बड़ी वजह नदी-नालों पर पर्याप्त स्टाप डेम का नहीं होना है। जो पहले से बने है, उनके गेट बंद करने के बजाय खोल रखें है, इस कारण पानी रुकने के बजाय वह बह जाता है।

यहां लगे हैं गेट

कान्ह सरस्वती नदी पर स्लुज गेट अवासा, अमितेष नगर, गुरू नानक कॉलोनी, आजाद नगर, जगन्नाथ पुल (छावनी), गणगौर घाट, निगम मुख्यालय के सामने शिवाजी मार्केट के पीछे, गुजराती कॉलेज, जूनी इंदौर अंडर ब्रिज, चंद्रभागा और राजेंद्र नगर सहित 15 जगहों पर बने है।

अहिल्यालोक प्रोजेक्ट को सरकार ने इंदौर से महेश्वर में शिफ्ट किया

● अब इंदौर में केवल अहिल्याबाई का स्मारक बनेगा

इंदौर। शहर के सबसे व्यस्त राजवाड़ा पर बनने वाले अहिल्यालोक को राज्य सरकार ने स्थान परिवर्तन करते हुए महेश्वर में शिफ्ट कर दिया है। शहर में अब केवल अहिल्याबाई का स्मारक ही बनेगा और इसके लिए पुराने आरटीओ कार्यालय की 3 एकड़ जमीन स्मारक के लिए नगर निगम को मिल चुकी है।

पिछले दिनों हुई महापौर परिषद की बैठक में निर्णय लिया था की राजवाड़ा के सामने महाकाललोक की तर्ज पर अहिल्यालोक बनाया जाएंगा। बाद में निगम ने चुनावी सीजन को देखते हुए इस प्रोजेक्ट को होल्ड पर रख दिया था,लेकिन मुख्यमंत्री शिवराजसिंह ने भोपाल में एक कार्यक्रम में स्पष्ट कर दिया है की अहिल्यालोक इंदौर की बजाय महेश्वर में बनेगा। आज की स्थिति में राजवाड़ा क्षेत्र इतना व्यस्त हो चुका है की यहां पर जनता से जुड़ा कोई प्रोजेक्ट नहीं लाया जा सकता है। राजवाड़ा पर न तो पार्किंग की व्यवस्था है और न ही वाहन खड़े करने की जगह है। सुबह से लेकर रात तक वाहनों और पैदल यात्रियों आवाजाही बनी रहती है।

मुख्यमंत्री द्वारा की गई प्रमुख घोषणाएँ

- इंदौर में अहिल्यादेवी स्मारक का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए 3 एकड़ भूमि दी गई है।
- महेश्वर में माँ अहिल्यादेवी लोक का निर्माण किया जाएगा।
- प्रदेश में माँ अहिल्या देवी कल्याण बोर्ड बनेगा, जिसमें पाल, धनगर, गडरिया और समाज की भारूल, श्रीपाल, गडेरी उपशाखाएँ भी शामिल होंगी। बोर्ड के अध्यक्ष को मंत्री का दर्जा दिया जाएगा।
- माँ अहिल्या देवी की जयंती पर मध्यप्रदेश में ऐच्छिक अवकाश रहेगा।

हल्की बारिश में खुली निगम की पोल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। शहर में बारिश का दौर शुरू है। कई मोहल्ले ऐसे हैं जहां पानी निकासी के लिए सुगम व्यवस्था न होने के कारण कई दिनों तक जलजमाव की स्थिति बनी रहती है। ये तस्वीरें प्रेस कॉम्प्लेक्स के पास अयोध्यापुरी इलाके की हैं। यहां पहली बारिश का पानी सूखा ही नहीं था की आज रविवार को लगभग आधे घंटे हुए बारिश की वजह से जल भराव जैसी स्थिति बन गई, मोहल्ले में जर्जर सड़क के कारण कई दिनों तक इसी तरह पानी भरा रहता है। लोगो को अवगावन करने में परेशानी का सामना करना पड़ता है।

हारे के सहारे,खाटू श्याम हमारे

विप्र नारी शक्ति सेवा संस्था की खाटू श्याम कथा आयोजित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर । धर्म की जीत के लिए बर्बरीक ने श्रीकृष्ण को अपना शीश दान में दे दिया और कलयुग में खाटू श्याम के नाम से पूजित है। इनकी कथा को सुनने से सारे मनोरथ पूरे होते है। खाटू श्याम हारे के सहारे है मतलब जिनको किसी का सहारा नही मिलता उसे खाटू श्याम सहारा देते है। ये विचार पं. माधव रामानुज शास्त्री के है जो उन्होंने हंसदास मठ में आयोजित खाटू श्याम की संगीतमय कथा में कहे। आयोजन विप्र नारी शक्ति सेवा संस्था ने किया था। यह जानकारी संयोजक प्रमिला कैलाश शर्मा और जिला अध्यक्ष सुषमा दुबे देते हुए बताया कि खाटू श्याम की पहली बार कथा शहर में हुई। शुरूआत कलश यात्रा से हुई। सैकड़ो महिलाओं ने सिर पर कलश लेकर यात्रा निकाली।सभी महिलाए पीत वस्त्र में थी। कलश यात्रा गंगा बगीची से शुरू हुई और विंध्याचल नगर होते हुए कथा स्थल पर समाप्त हुई। खाटू श्याम का भव्य दरबार सजाया गया और सभी ने पूजा की। शास्त्री जी ने आगे कहा कि खाटू श्याम के भजन सुनने से कई गुना फल कथा श्रवण से मिलता है।सबको एक बार खाटू श्याम के दर्शन अवश्य करना चाहिए। इस मौके पर शास्त्री जी ने खाटू श्याम की स्तुति की और सभी से जयकारे लगाए। समापन भव्य आरती और प्रसादी से हुआ।

गोंदवले धाम में काकड़ आरती के साथ आरंभ हुआ तीन दिवसीय गुरु पोर्णिमा महोत्सव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। आध्यात्मिक उपासना केंद्र गोंदवले धाम पर तीन दिवसीय गुरु पोर्णिमा नामसंकल्प महोत्सव 1 जुलाई शनिवार से काकड़ आरती के साथ आरंभ हुआ। संत ब्रह्मचैतन्य गोंदवलेकर महाराज जी की काकड़ आरती में सैकड़ों भक्त सूर्योदय के पूर्व उपस्थित हुए। आरती के पश्चात 21 जोड़ो द्वारा गोंदवलेकर महाराज जी की पादुका का अभिषेक किया गया। शाम को श्रीराम युवा भजन मंडल राऊ द्वारा सुंदर काण्ड का पाठ व कीर्तन किया गया। रविवार दोपहर आध्यात्मिक गुरु और समाज सुधारक श्री श्रीराम कोकजे गुरुजी के आदर्श व्यक्तित्व पर बनी डॉक्यूमेंट्री का विमोचन दोपहर 4 बजे किया गया । इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश के पूर्व गवर्नर एवं राजस्थान हाई कोर्ट न्यायाधीश पूर्व मुख्य न्यायाधीश जस्टिस वी एस कोकजे, सांस्कृतिक मंत्री मध्य प्रदेश सुश्री उषा ठाकुर, विधायक रमेश मेंदोला,मालिनी गौड़ एवं जीतू पटवारी उपस्थित थे।

क्रांति फाउंडेशन ने किया पितृ पर्वत पर पौधा रोपण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। समाज सेवी के क्षेत्र में सदेव अग्रणी रहने वाली संस्था क्रांति फाउंडेशन ने रविवार को बरसते पानी में पितृ पर्वत पर पौधा रौपन किया और समय- समय पर आकर पौधों की देखभाल करने की बात कही। क्रांति फाउंडेशन की डायरेक्टर व अभिनेत्री सरिका दीक्षित ने बताया कि क्रंति फाउंडेशन पूरे वर्ष मानव सेवा के लिए कार्य करता है। इसी श्रृंखला में रविवार को पितृ पर्वत पर पौधा रोपण किया गया जिसमें आम,नीम, बरगद,पीपल आदि के पौधे रोपे गए। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में विश्व हिन्दू महासंघ मध्य प्रदेश अध्यक्ष, राष्ट्रीय धर्माचार्य महंत राजनाथ योगीजी, विश्व हिन्दू महासंघ जिला प्रभारी,अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज इंदौर पीयूष पुरोहित , नगर निगम इंदौर के मधुसूदन तिवारी, समाजसेवी रवि खोखर सहित अन्य लोग उपस्थित थे। पौधा रोपण के बाद सभी सदस्यों ने हनुमान जी के दर्शन कर सभी के लिए मंगल कामना की।

कटाक्ष

उपचार के बजाय रोगों की रोकथाम अधिक महत्वपूर्ण : डॉ.पाटीदार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। रोग जब अपना विकराल रूप धारण करके सामने आ जाता है, तो रोगी और उसके परिजन सभी पीड़ित होते हैं एवं वह परिवार शारीरिक,मानसिक तथा आर्थिक सभी प्रकार से क्षीण भी होता है और परेशान भी हो जाता है। अतएव रोग को शरीर में अपना स्थान प्राप्त करने के पूर्व ही यदि उसे हम रोकने में सफल हो गए तो हम इन परेशानियों से बच सकते हैं। सुप्रसिद्ध कान-नाक-गला विशेषज्ञ डॉ. कुसुम पाटीदार ने आज भारत विकास परिषद् सेवा न्यास द्वारा आयोजित अशोक गांधी स्मृति विशाल चिकित्सा शिविर के उद्घाटन के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अपने उद्गार व्यक्त किए।

परिषद् के रूपरामनगर स्थित फ़िजिओथेरपी सेंटर पर आज एक वृहद चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया था। इस शिविर में डॉ. कुसुम पाटीदार ने 75 रोगियों की एंडोस्कोपी के माध्यम से कान-नाक-गले में कैंसर के पूर्व लक्षणों की जांच की एवं उपचार भी किया। इस जांच कार्य में विशेषज्ञ डॉ. अमेया बिहाणी ने विशेष सहयोग प्रदान किया। सुप्रसिद्ध अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रणव महाजन ने 101 रोगियों की जांच कर उनका उपचार भी किया। 180 रोगियों का आधुनिक मशीन द्वारा बोन मिनरल डेन्सिटी की जांच की गई। 134 रोगियों की अत्यधिक रियायती शुल्क पर रक्त की विभिन्न जांच की गई। इस प्रकार इस शिविर में 514 रोगियों का परीक्षण कर उपचार किया गया। अस्थि रोग जांच के पश्चात् जिन रोगियों को फ़िजिओथेरपी की आवश्यकता है उन्हें तीन दिन निशुल्क फ़िजिओथेरपी उपचार प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम के प्रारम्भ में अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलन किया गया। प्रकल्प अध्यक्ष श्री प्रमोद सेठिया ने अतिथियों का शब्दों से स्वागत किया। न्यास अध्यक्ष श्री पवन जैन(बागड़िया) ने न्यास गतिविधियों की जानकारी देते हुए यह भी बताया कि अतिशीघ्र यहाँ पर दंत चिकित्सा विभाग भी प्रारम्भ किया जा रहा है। इस अवसर पर केंद्र की फिजिओथेरपिस्ट डॉ. सोनल तिवारी तथा उनके सहयोगी श्री रामप्रसाद एवं सुश्री पूजा का भी सम्मान किया गया। इस अवसर पर श्रीमती प्रभा अशोक गांधी ,पार्षद कंचन गिदवानी परिषद् के नेशनल चेयरमैन प्रकाशन श्री अरविंद बंडी, प्रांतीय अध्यक्ष श्री वीरेंद्र जैन, प्रांतीय महासचिव श्री विजय नामदेव तथा इंदौर स्थित समस्त शाखाओं के दायित्वधारीगण एवं सदस्य उपस्थित थे। न्यास सचिव श्री ब्रजेश नीमा ने आभार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का संचालन परिषद् के न्यासी एवं रीजनल महासचिव (वित्त) श्री रजनीश चोरडिया ने किया।

1500 एकड़ में बनेगा मित्रा पार्क

● इंदौर-पीथमपुर में काम कर रही 6 इंडस्ट्री 4 हजार लोगों को देंगी रोजगार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर । इंदौर से 110 किमी दूर धार जिले के भैंसोला में तैयार हो रहे मित्रा पार्क के जरिए मध्यप्रदेश को टेक्सटाइल और गारमेंट हब के रूप में विकसित करने की तैयारी तेजी से चल रही हैं। इस पार्क के जरिए कुल 25 हजार लोगों को रोजगार मिलेगा। देश की दिग्गज 25 टैक्सटाईल्स व गारमेंट्स इंडस्ट्री इस पार्क में 6 हजार 500 करोड़ रूपए का निवेश करेगी।

एमपीआईडीसी से मिली जानकारी के अनुसार इस पार्क में इंदौर-पीथमपुर में काम कर रही 6 इंडस्ट्री भी लगभग 565 करोड़ रुपये का निवेश कर 4 हजार 400 लोगों को डायरेक्ट और इनडायरेक्ट रोजगार देंगी। इंदौर-पीथमपुर की इन 6 इंडस्ट्री के अलावा देश की 19 इंडस्ट्रीज ने पार्क में इन्वेस्ट की योजना बनाई है। यह कंपनियां पार्क में करीब 6 हजार करोड़ रुपए का निवेश कर लगभग 21 हजार 400 लोगों को रोजगार देगी। मंत्री राज्यवर्धन सिंह दत्तीगांव का कहना है कि पार्क करीब दो साल में तैयार हो जाएगा। पार्क में 8 से 10 हजार करोड़ रुपए का निवेश इंडस्ट्रीज द्वारा कमिटेड किया गया है। मंत्री राज्यवर्धन सिंह दत्तीगांव का कहना है कि पार्क करीब दो साल में तैयार हो जाएगा। पार्क में 8 से 10 हजार करोड़ रुपए का निवेश इंडस्ट्रीज द्वारा कमिटेड किया गया है।

● पीथमपुर के 6 उद्योग करेंगे निवेश

दिल्ली में पिछले दिनों टेक्सटाइल्स मिनिस्ट्री की बैठक हुई थी जिसमें केंद्र सरकार के अधिकारी और मप्र उद्योग विभाग के अधिकारी शामिल हुए थे। जिसमें यह जानकारी दिल्ली के अधिकारियों को दी गई थी कि इंदौर-पीथमपुर के 6 उद्योग मित्रा पार्क में 565 करोड़ रुपए इंवेस्ट करेंगे। इंदौर-पीथमपुर की बायो स्पिनिंग 250 करोड़ रूपए, मोहिनी हेल्थ 125 करोड़ रुपए , प्रतिभा सिंथटेक्स 55 करोड़ रुपए , वेदांत 50 करोड़ रुपए , बॉन्ड्स मोर 50 करोड़ रुपए और विनर वेंचर्स 35 करोड़ रुपए का निवेश करेगी। ये कंपनियां लगभग 4 हजार 400 लोगों को रोजगार देगी। इसके अलावा 20 कंपनियां छह हजार करोड़ के करीब इन्वेस्ट करेंगी।

विद्यार्थी किताबी ज्ञान तक स्वयं को सीमित न रख प्रेक्टिकल बने : डॉ. इलैया राजा टी

● मीडियाकर्मियों के प्रतिभावान बच्चों का प्रेस क्लब में हुआ सम्मान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। अपने जीवन का एक लक्ष्य बनाओ और फिर उसे पाने के लिए सारी शक्ति लगा दो। स्वयं को किताबी ज्ञान तक ही सीमित नहीं रखे, इसे प्रेक्टिकल या व्यवहारिक ज्ञान के रूप में भी हासिल करें। हमारे अध्ययन में ईमानदारी और पारदर्शिता दोनों होना चाहिए।

यह विचार कलेक्टर डॉ. इलैया राजा टी के हैं, जो उन्होंने इंदौर प्रेस क्लब द्वारा मीडिया के साथियों के मेधावी बच्चों के सम्मान समारोह काबिलियत को सलाम कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किए। कार्यक्रम के विशेष अतिथि वरिष्ठ शिक्षाविद और मोटिवेशनल स्पीकर स्वप्निल कोठारी ने छोटी-छोटी, प्रेरक और ज्ञानवर्धक कहानियों को सुनाते हुए कहा कि यदि किसी बच्चे में प्रतिभा, महत्वाकांक्षा और लक्ष्य के प्रति कमिटमेंट है तो उसे आगे बढने से दुनिया की कोई भी ताकत रोक नहीं सकती। स्वागत भाषण देते हुए इंदौर प्रेस क्लब अध्यक्ष अरविंद तिवारी ने कहा कि यह दौर प्रतिस्पर्धा का है। प्रतिस्पर्धा में बने रहने और विजयी होकर निकलने के लिए यह जरूरी है कि आप अधिक से अधिक ज्ञान प्राप्त करें। अतिथियों के उद्बोधन के बाद समारोह में मीडियाकर्मियों के 70 मेधावी बच्चों का सम्मान किया गया। इन बच्चों को बैग, कापियां, कम्पास, लंच बाक्स, वाटर बाटल, कलर पेंसिल सेट्स के साथ प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। शैक्षणिक उपलब्धि के अलावा राष्ट्रीय और राज्य स्तर की स्पधार्ओं में पुरस्कार जीतने वाले एवं विभिन्न क्षेत्र में विशिष्ट उपलब्धि हासिल करने वाले प्रतिभावान बच्चों को भी सम्मानित किया गया।

अब जमकर भीगेगा प्रदेश कल से नया सिस्टम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। मध्यप्रदेश में मानसून भले ही सात दिन लेट आया, लेकिन जून में सामान्य से 13% पानी ज्यादा बरस चुका है। नरसिंहपुर, निवाड़ी, भिंड, मुरैना समेत प्रदेश के 29 जिलों में सामान्य या इससे ज्यादा बारिश हो चुकी है। मौसम वैज्ञानिकों की मानें तो जुलाई में भी अच्छी बारिश की संभावना है।

मानसून प्रदेश में 24 जून को एक्टिव हुआ था और 25 जून को पूरे राज्य को कवर कर लिया था। इसके बाद तेज बारिश का सिलसिला शुरू हुआ। जून में सामान्य तौर पर 5.5 इंच बारिश होनी चाहिए थी जबकि 6.2 इंच पानी बरस गया है। सीनियर मौसम वैज्ञानिक एचएस पांडे ने बताया कि 4 जुलाई से नया सिस्टम एक्टिव हो रहा है। इस कारण आने वाले दिनों में भी अच्छी बारिश होने का अनुमान है।

इन जिलों में सबसे ज्यादा बारिश- नरसिंहपुर, निवाड़ी, मुरैना, भिंड, जबलपुर, सागर, सिवनी, उमरिया, गुना, ग्वालियर, इंदौर, नीमच, विदिशा समेत प्रदेश के 29 जिले ऐसे हैं, जहां अब तक सामान्य से ज्यादा पानी बरसा है। वहीं, बालाघाट, रीवा, सिंगरौली, टीकमगढ़, आगर-मालवा, अशोकनगर, बैतूल, धार, खंडवा, खरगोन, मंदसौर, नर्मदापुरम, बड़वानी, उज्जैन समेत 23 जिलों में सामान्य से कम बारिश हुई है।

किसानों का कहना है कि कई जिलों में अभी धान के लिए पर्याप्त बारिश नहीं हुई है, जिस कारण पौधे नहीं रोपे गए हैं। हालांकि, नर्मदापुरम और जबलपुर में धान के लायक बारिश हो जाने के बाद कई गांवों में रोपनी शुरू हो गई है।

श्योपुर में इस सीजन में पहली बार बंजारा डैम छलक उठा। ये डैम सीप नदी पर बना है। कराहल विकासखंड से निकली यह नदी श्योपुर जिला मुख्यालय सहित जिलेभर के 100 गांव की जीवनदायिनी है। इसमें उफान कराहल के जंगल में अच्छी बारिश होने के बाद ही आता है।

पत्रकार को किडनैप कर गोली मारी, रातभर पीटा

● पीड़ित बोला-वे कह रहे थे तेरे नाम की सुपारी ली है

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

ग्वालियर। ग्वालियर में तीन युवकों ने एक पत्रकार को किडनैप कर पहले तो उसे जमकर पीटा, फिर गोली मार दी। वह लहूलुहान हालात में किसी तरह वहां से भागा। करीब एक किलोमीटर तक दौड़ लगाकर बदमाशों के चंगुल से दूर आया और राहगीरों की मदद से पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया है। युवक का कहना है कि गोली मारने से पहले आरोपियों ने किसी को वीडियो कॉल पर बात की। वह बोल रहे थे कि तुम्हारी किसी ने सुपारी दी है।

घायल युवक का नाम शिवम आर्य (29) है। वह शहर के हजीरा क्षेत्र का रहने वाला है और निजी न्यूज चैनल में पत्रकार है। उसके मुताबिक शुक्रवार रात को उसकी पहचान के तीन युवकों ने पार्टी के नाम पर उसे बुलाया। मना करने पर जबरन बाइक पर बैठा कर ले गए। फिर रात भर लात-घूंसों और बेल्ट से पीटा। फिर गोली मार दी।

कलेक्टर, एसएसपी भी देखने पहुंचे

वारदात का पता चलते ही कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह, एसएसपी राजेश सिंह चंदेल भी अस्पताल उसे देखने पहुंचे हैं। यहां उसके बेहतर इलाज के लिए निर्देशित किया है। एसएसपी सिंह ने तत्काल आरोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए हैं।

शादी के दो दिन बाद भागी दुल्हन

● भतीजी की बीमारी का बहाना बनाया था, बहन-बहनोई 85 हजार रुपए ले गए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

दमोह। दमोह जिले के मड़ियादो थाना क्षेत्र के कनकपुरा गांव में लुटेरी दुल्हन ने अपनी गैंग के साथ मिलकर एक व्यक्ति को ठग लिया। शादी के 1 दिन बाद दुल्हन के बहन व बहनोई दूल्हे से 85 हजार ले गए और अगले ही दिन 18 जून को भतीजी की बीमारी का बहाना देकर दुल्हन भी गायब हो गई। शुरूआत में व्यक्ति ने पत्नी के वापस आने का इंतजार किया, लेकिन वो बार-बार जल्दी आने की बात कह रही है। 15 दिन बीतने के बाद भी जब दुल्हन घर नहीं आई तो शनिवार शाम पति ने थाने में शिकायत दर्ज

कराई है।

पत्नी को लेने आए थे अनजान लोग

फरियादी कनई यादव ने बताया कि मेरी शादी राजपुरा थाना क्षेत्र के बिनौली गांव में रहने वाले मेरे एक रिश्तेदार मन्नू यादव ने महोबा उत्तरप्रदेश में कराई थी। 17 जून को दुल्हन ज्योति अपनी बहन, बहनोई और एक अन्य व्यक्ति के साथ मेरे गांव कनकपुरा पहुंचे। दुल्हन के बहन बहनोई ने कहा कि आज से आप दोनों पति-पत्नी, कार्यक्रम बाद में हो जाएंगे। उस रात सभी लोग मेरे घर पर रुके थे।

दुल्हन के बहनोई ने कहा कि लड़की का पति 3 साल पहले मर चुका है। इसलिए उसकी विदा करनी है, पर शादी का खर्चा नहीं उठा सकते इसलिए दोनों तरफ का खर्च तुम्हें उठाना पड़ेगा। मैं इसके लिए तैयार हो गया। मुझसे 85 हजार की रकम मांगी जो मैंने गांव के लोगों से पहले ही लेकर रख ली थी। 18 जून को बाकी लोग रुपए लेकर चले गए और दुल्हन को मेरे घर छोड़ गए। हम दोनों पति-पत्नी की तरह रहने लगे थे।

बेटे के कहने पर पिता ने पत्नी का शव फ्रीजर में रखा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

रीवा। कोतवाली पुलिस ने रविवार को महिला का शव फ्रीजर से बरामद किया है। महिला के मायके वालों ने हत्या का आरोप लगाते हुए पूरे मामले की जानकारी पुलिस को दे दी साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि महिला की हत्या उसके पति ने की है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने बताया कि मृतका के बेटे ने पिता को कहा था कि जब तक वह मुंबई से आ नहीं जाता, तब तक मां का अंतिम संस्कार नहीं किया जाए। ऐसे में पिता ने पत्नी का शव फ्रीजर में रख दिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। मामला सिटी कोतवाली थाना इलाके के जिउला गांव का है। सिटी कोतवाली थाना में पदस्थ उप निरीक्षक विजय सिंह ने बताया कि भरत मिश्रा की पत्नी सुमित्री मिश्रा की मौत गत 30 जून की रात हुई।

इस माह ग्वालियर-चंबल और विंध्य में सभा करेंगी प्रियंका

● दौरे और सभाओं की कार्ययोजना तैयार की जा रही

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। विधानसभा चुनाव के साढ़े चार महीने पहले कांग्रेस ताबड़तोड़ तरीके से मैदान में उतर रही है। प्रदेश कांग्रेस की ओर से केंद्रीय नेताओं के प्रदेश में दौरे और सभाओं की कार्ययोजना तैयार की जा रही है। इसी के चलते प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने शनिवार को महत्वपूर्ण बैठक ली। मप्र में जबलपुर में 12 जून को कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी चुनावी आगाज कर चुकी हैं।

अब इस महीने के अंत और अगस्त की शुरूआत में प्रियंका गांधी की ग्वालियर-चंबल और विंध्य में सभाएं करवाए जाने की रूपरेखा तैयार की जा रही है। प्रियंका गांधी की दोनों अंचलों में प्रस्तावित सभाओं की तैयारियां भी शुरू कर दी गई है। सभाओं के आयोजन स्थल इस हिसाब से तैयार किए जा रहे हैं कि ग्वालियर-चंबल अंचल की 34 विधानसभा सीटों के सभी जिले कवर हो सकें। इसी तरह विंध्य की 30 सीटों को कवर किए जाने के लिए सभाओं की तैयारी की जा रही है। कमलनाथ जल्द ही इस संबंध में दौरे करेंगे और जिलाध्यक्षों को भोपाल बुलाकर सभाओं में ज्यादा से ज्यादा लोगों की उपस्थिति सुनिश्चित करने को कहेंगे। इधर, कांग्रेस की चुनावी तैयारियों को लेकर पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी की मीटिंग मंगलवार को होने जा रही है। इस कमेटी में कमलनाथ, दिग्विजय सिंह, सुरेश पचौरी समेत दिग्गज नेता शामिल हैं।

नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को उम्रकैद

14 साल की लड़की का नशीली दवा मिलाकर किया था रेप

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट **नर्मदापुरम**। 14 साल की नाबालिग लड़की से दुष्कर्म करने वाले रेपिस्ट को उम्रकैद की सजा सुनाई गई। विशेष न्यायालय पॉक्सो एक्ट, नर्मदापुरम के न्यायालय आरोपी हेमू कीर को दोषी पाते हुए 363, 366क, 376(3), 376(2), 376(2)(एन), 109, 376(डीए), 17/5घ/6, 506, 5ठ/6 पॉक्सो अधिनियम में 20 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 3000/- रुपए अर्थदंड से दंडित किया। जिला अभियोजन अधिकारी राजकुमार नेमा ने बताया कि 14 वर्षीय किशोरी को 3 जनवरी 2022 को रात्रि 12:00 बजे आरोपी और मुँह बांधकर उठाकर गाड़ी में बैठाकर पानवर्री में एक कमरे में ले गये। नशीला पदार्थ खिलाकर उसे बांध दिया। फिर आरोपी सुरेश, सूरज, रामकुमार गाड़ी से आएं फिर पीड़िता को गाड़ी में बैठाकर मुँह बांधकर होरियापीपर अपने घर ले गए। फिर विदिशा विक्की के घर ले गये थे, जहां पीड़िता को बंद कर दिया। आरोपी हेमू सुरेश, सूरज, रामकुमार ने बलात्कार किया। आरोपी राजकुमारी भी विदिशा पहुंची। फिर आरोपी पीड़िता को सलकनपुर ले जाकर आरोपी हेमू ने जबरदस्ती शादी की। फिर पीड़िता को आरोपी विदिशा ले गए। जहां पर पुलिस पहुंच गई और सभी को पुलिस ने पकड़ लिया।

आलोट में लव जिहाद सोनू बनकर युवती से बनाए संबंध

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

आलोट। आलोट नगर में लव जिहाद का मामला सामने आया है। आरोपी नगर परिषद का कर्मचारी है। वह वाटर सप्लाई का काम करता है। नागेश्वर रोड निवासी आरोपी इरशाद पिता फैयाज अली ने भांभीपुरा निवासी लड़की को अपना नाम सोनू बताया। इसके बाद युवती को प्रेमजाल में फंसाकर उससे शारीरिक संबंध बनाए। आरोपी युवती पर धर्म परिवर्तन कर शादी करने का दबाव बना रहा था। लड़की शाजापुर जिले में रहने वाले अपने रिश्तेदार के यहां से 30 जून को लापता हो गई थी। उसकी गुमशुदगी शाजापुर पुलिस ने दर्ज की थी। तलाश में युवती युवती आलोट में इरशाद के घर से मिली। पुलिस ने गुमशुदगी के आधार पर लड़की को शाजापुर पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया।

कांग्रेस लगाएगी युवाओं की चौपाल

सुझाव लेकर तैयार होगा अलग से वचन पत्र

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। महिलाओं के बाद अब कांग्रेस प्रदेश में युवाओं के लिए अलग से वचन पत्र तैयार करेगी। इसे युवाओं से सुझाव लेकर ही तैयार किया जाएगा। इसके लिए प्रदेश के विश्वविद्यालयों, कालेजों सहित उन स्थानों पर युवा चौपाल लगाई जाएंगी, जहां बड़ी संख्या में युवा एकत्रित होते हैं। पार्टी सरकार में आने पर स्वरोजगार के लिए नई योजनाएं लागू कर ग्राम और कस्बा स्तर पर ही अवसर उपलब्ध कराने का वचन दे सकती है।

प्रदेश कांग्रेस ने इस बार महिला, युवा और किसानों के लिए अलग-अलग वचन पत्र तैयार करने का निर्णय लिया है। राज्य और जिला स्तर पर वचन पत्र जारी होंगे। वहीं, प्रत्याशी अपने हिसाब से विधानसभा क्षेत्र का वचन पत्र तैयार कराएंगे।पार्टी सरकार में आने पर युवाओं के लिए क्या करेगी, इसका उल्लेख अलग से किया जाएगा।

इसके लिए युवाओं से ही सुझाव लिए जाएंगे। युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष डा.विक्रांत भूरिया ने बताया कि युवाओं से चौपाल लगाकर सुझाव लिए जाएंगे। इसके आधार पर वचन पत्र तैयार होगा। जिस युवा से सुझाव लिया जाएगा, उसका पूरी जानकारी संगठन अपने पास रखेगा।

जब वचन पत्र जारी होगा तब संबंधित को सूचित किया जाएगा कि पार्टी ने आपके सुझाव को वचन पत्र में शामिल किया है और सरकार में आने पर उसे पूरा किया जाएगा। पार्टी वचन पत्र में स्वरोजगार के लिए नई योजनाएं लागू करने का वचन दे सकती है। इसमें स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराने के लिए कृषि, कुटीर एवं ग्रामोद्योग आधारित उद्योगों को बढ़ावा देने की कार्ययोजना भी प्रस्तुत की जाएगी।

संपादकीय

युद्ध समाप्त करने की अपील

पुतिन अब अपने ही देश में घिरते नजर आने लगे हैं। वैगनर समूह की बगावत ने उनकी रणनीति को कमजोर किया है। ऐसे में लग रहा है कि अगर रूस पर दबाव बनाया जाए, तो वह अपने कदम वापस खींचने और बातचीत की मेज पर आने को तैयार हो सकता है। मगर रूस के रुख में अभी लचीलापन नजर नहीं आ रहा। वैगनर को शांत करने में उसने कामयाबी हासिल कर ली है। दरअसल एक बार फिर भारत के प्रधानमंत्री ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से फोन पर बात कर यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने की अपील की। पहले भी प्रधानमंत्री ने फोन पर बात करके इस मामले को सुलझाने की अपील की थी। शंघाई सहयोग संगठन के शिखर सम्मेलन में आमने-सामने मिल कर उन्होंने पुतिन को जंग खत्म करने की सलाह दी थी। तब पुतिन ने कहा था कि वे उनकी बातों पर अमल करेंगे, मगर वापस लौटते ही उन्होंने यूक्रेन पर हमले तेज कर दिए थे। दरअसल, दुनिया के तमाम देश भारत की तरफ नजरें लगाए हुए हैं कि अगर वह मध्यस्थता करे तो रूस-यूक्रेन युद्ध रुक सकता है। इस सिलसिले में प्रधानमंत्री ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से भी बातचीत की थी। उन्होंने भी सकारात्मक रुख दिखाया था। मगर करीब सवा साल से चलते इस युद्ध में दोनों देश वैश्विक गुटबंदियों में कुछ इस तरह उलझ गए हैं कि उन्हें इससे बाहर निकलने का रास्ता नहीं मिल पा रहा। रूस चाहता है कि यूक्रेन नाटो की सदस्यता न ले, मगर यूक्रेन अपने हित नाटो के साथ रहने में ही सुरक्षित मान रहा है। नाटो से जुड़े पश्चिमी देश यूक्रेन के समर्थन में हैं, जबकि रूस को वे देश बिल्कुल नहीं सुहाते। रूस को चीन का समर्थन हासिल है, जो अमेरिका, फ्रांस, जर्मनी, ब्रिटेन के वर्चस्व को चुनौती देता रहता है। इस तरह रूस-यूक्रेन युद्ध में दुनिया दो धुवों में बंट गई है। मगर इस संघर्ष में कोई भी देश खुल कर इसलिए मैदान में नहीं उतरना चाहता कि महायुद्ध की विभीषिका एक बार फिर दुनिया पर टूटेगी। इस युद्ध के चलते पहले ही विश्व आपूर्ति शृंखला बाधित हुई है, महंगाई पर काबू पाना बहुत सारे देशों के लिए मुश्किल बना हुआ है। ऐसे में हर कोई चाहता है कि किसी भी तरह यह युद्ध रुके। भारत के रूस और यूक्रेन दोनों से बेहतर संबंध हैं और अमेरिका-ब्रिटेन से भी। इसलिए खासकर पश्चिमी देश चाहते हैं कि भारत इसमें मध्यस्थता करे। इस वक्त भारत समूह बीस की अध्यक्षता कर रहा है, इसलिए भी उसका इस समूह के देशों पर दबाव बना कर युद्ध को विराम देने का दायित्व बढ़ गया है।

अर्न किया है...!

पानी नहीं छोड़ा करते पेड़ों पर कोई निशां
भीतर बैठे रहते हैं प्राण बनकर, चुपचाप
प्यार करने का एक तरीका ये भी है।

सैर सपाटा

उत्तराखंड में हैं ये खूबसूरत वॉटरफॉल्स

बारिश में बढ़ जाती है सुंदरता

अगर घूमने के लिए जगह मौसम के मुताबिक चुनी जाए तो ट्रिप यादगार बन जाता है। बारिश के समय में वॉटरफॉल्स की सुंदरता कई गुना बढ़ जाती है। ऐसे में इस मौसम में अगर आप कहीं घूमने की जगह देख रहे हैं तो आप उत्तराखंड जा सकते हैं। यहां पर कुछ बेहद खूबसूरत वॉटरफॉल्स हैं, जिन्हें आप पार्टनर या फिर फैमिली के साथ देखने के लिए जा सकते हैं। जानिए उत्तराखंड के फेमस वॉटरफॉल्स

कॉर्बेट फॉल्स

ये वॉटरफॉल रामनगर से मात्र 25 किलोमीटर की दूरी पर है। अगर आप दिल्ली के आसपास कहीं रहते हैं तो एक दिन में इस जगह को घूम कर वापिस आ सकते हैं। सागौन की लकड़ी का घना जंगल इस जगह की खूबसूरती को बढ़ा देता है। ये उत्तराखंड के सबसे फेमस फॉल्स में से एक है।

वसुधारा फॉल्स

बद्रीनाथ के करीब होने के कारण, वसुधारा फॉल्स के चारों ओर शानदार नजारे दिखते हैं। समुद्र तल से 400 फीट ऊपर ये झरना, 122 मीटर की ऊंचाई से गिरता है। अगर्नी मन को शांत करने के लिए और सुकून के पल बिताने के लिए आप इस फॉल को देखने जरूर जाएं।

नीर गढ़ फॉल्स

झरिफेरा रेलवे स्टेशन से नीर गढ़ फॉल्स आसानी से पहुंच सकते हैं। ये जगह झरिफेरा में घूमने के लिए सबसे ज्यादा फेमस है। इस झरने पर दो पुल भी हैं और यहां पर जाने वाली रंग-बिरंगी तितलियां इस जगह की खूबसूरती को बढ़ाती हैं।

केम्प्टी फॉल्स

मसूरी से कुछ किलोमीटर की दूरी पर स्थित, केम्प्टी फॉल्स एक शांत झरना है। ये जगह पर्यटकों के बीच काफी फेमस है। इस जगह को पिकनिक के लिए अच्छा माना जाता है। कुछ देर एंजॉय करने के लिए आप इस जगह पर जा सकते हैं।

भट्टा फॉल्स

ये फॉल भी मसूरी के पास ही है। यहां आप भट्टा गांव में बस या कार के जरिए आसानी से पहुंच सकते हैं। इस जगह पर आपको ज्यादातर विदेशी लोग मिलेंगे। यहां कुछ देर शांति से बैठ कर आप सुकून के पल बिता सकते हैं।

Highlights

1. 3 MCC members suspended after verbal fight with Australian cricketers at Lord's Long Room
2. 6-ft-deep hole spotted in field after rains in Joshimath, sparks panic
3. Father fights with man for touching his daughter inside Vistara flight, video goes viral
4. Rioters break into Volkswagen showroom, drive away in brand new cars in France
5. Philippines tourism video uses images of other countries, ad agency apologises
6. His death being used as excuse to cause havoc: Nahel's grandmother on riots in France

'Don't refer to it as Gabbar Singh Tax, it helped citizens': Nirmala Sitharaman to GST's critics

NEW DELHI, (Agency). As the Goods and Services Tax (GST) marks sixth anniversary on Saturday, Union finance minister Nirmala Sitharaman slammed critics dubbing it as the "Gabbar Singh Tax". Terming the jibe 'shameful', the minister said GST actually provided relief to the common citizens of the country.

Sitharaman further said that the previous tax system before GST involved multiple taxes leading to a cascading effect, where the same product was taxed multiple times, making it costlier for consumers. She highlighted the positive impact of GST, mentioning that post-GST, the "revenue buoyancy of states" has increased, the ability to collect greater revenue without changing the tax rate.

On GST Day, Sitaraman traced its journey as "One Nation, One Tax, One Market," and emphasised how GST has nurtured India's economic ecosystem. "Today is the 6th Goods and Services Tax #GST Day as GST was launched on 1st July 2017. Let's trace this iconic journey of #OneNation #OneTax #OneMarket and see how GST@6 is nurturing the Economic Ecosystem of India," Sitharaman tweeted. She mentioned that reduced taxes under GST have brought happiness to every home, providing relief on various daily-use consumer goods.

Sitharaman also highlighted that GST implementation has simplified tax compliance for taxpayers, leading to an increase in the number of registered taxpayers from 1.03 crore in April 2018 to 1.36 crore by April 2023.

Gross GST revenue in June

In June, GST collection crossed ₹1.60 lakh crore mark, according to the finance ministry. This is the fourth time since the inception of GST that the gross collection has exceeded ₹1.6 lakh crore. Additionally, this is the seventh time that the collection has surpassed ₹1.50 lakh crore milestone since its introduction. The revenue collected in June 2023 is 12% higher than the GST revenues collected in the same month last year.

When GST was initially introduced in 2017, the monthly GST revenues ranged from ₹85,000-95,000 crore. However, over time, these revenues have significantly increased and now stand at around ₹1.5 lakh crore, with a tendency to keep rising. The collection reached an all-time high of ₹1.87 lakh crore in April 2023.

GST introduced in 2017

A nationwide Goods and Services Tax (GST) was introduced on July 1, 2017, replacing 17 local taxes such as excise duty, service tax, and VAT, along with 13 additional charges. Prior to GST, the combination of VAT, excise, and CST, along with their cumulative impact, resulted in an average tax burden of 31 per cent for consumers.

Byju's co-founder Divya Gokulnath shares employees' post-town hall messages

NEW DELHI, (Agency). Byju's co-founder Divya Gokulnath took to Instagram to share 'positive messages' from employees who reached out to her following a town hall meeting that was held to discuss the recent happenings at the company.

According to Moneycontrol, Gokulnath termed the messages as an 'outpouring of love.'

What did employees tell Gokulnath?

As per Moneycontrol, an employee wrote about achieving 'newfound confidence,' saying 'We didn't come this far to just come thus far.' A second staffer wrote: "Hey Divya, when the going gets tough, the tough gets going – this is exactly how I felt post the town hall. Addressing all issues with so much clarity has helped clear the air across...yes, we have

challenges, but we will all stick together to address and overcome each one of them. We have not come this far, just to come this far."

A third staffer expressed confidence that Byju's will eventually defeat all the challenges it is currently faced with, while a fourth emphasised the 'tough spirit' prevalent among the employees in the wake of the town hall.

Others, meanwhile, were 'happy' that CEO Byju Raveendran had directly addressed the gathering.

The town hall meeting took place on June 29. Later that day, Raveendran, who founded Byju's in 2011 with his wife (Gokulnath) sent an email to employees, mentioning how, for 18 years, he had dedicated more than 18 hours a day to the company, and wanted to do this for at least 30 more years.'

He, too, wrote in his message that 'We have not come this far to only come this far.'

New Delhi

प्रधानमंत्री मोदी के आवास के ऊपर देखा गया ड्रोन, एसपीजी और पुलिस में मचा हड़कंप, तलाश में जुटी एजेंसियां

नई दिल्ली, (एजेंसी) प्रधानमंत्री आवास के ऊपर सोमवार सुबह ड्रोन उड़ने की खबर से हड़कंप मच गया। एसपीजी ने दिल्ली पुलिस को इस बारे में सूचना दी, सूचना मिलते ही आला पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की।

जानकारी के अनुसार, सोमवार सुबह करीब पांच बजे एसपीजी ने दिल्ली पुलिस को इस मामले की जानकारी दी। सूचना मिलते ही दिल्ली इलाके बड़े अधिकारी और भारी फोर्स ड्रोन की तलाश में जुट गई। हालांकि खबर लिखे जाने तक ड्रेन मिल नहीं पाया था।

पुलिस ड्रोन की तलाश में जुटी है। आपको बता दें कि प्रधानमंत्री आवास और उसके आसपास का इलाका नो फ्लाइंग जोन में

आता है। दरअसल, सोमवार की सुबह एनडीडी कंट्रोल रूम को पीएम आवास के पास एक अज्ञात उड़ने वाली वस्तु के बारे में सूचना मिली थी।

आस-पास के इलाकों में काफी खोजबीन की गई लेकिन ऐसी कोई वस्तु नहीं मिली। हवाई यातायात नियंत्रण कक्ष (एटीसी) से भी संपर्क किया गया, उन्हें भी पीएम आवास के पास ऐसी कोई उड़ने वाली वस्तु नहीं मिली।

नई दिल्ली जिले के अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त डॉ हेमंत तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास के ऊपर नो फ्लाइंग जोन में ड्रोन उड़ाने की जानकारी मिली थी। सुबह 5:30 बजे एसपीजी ने पुलिस से संपर्क किया था। फिलहाल जांच जारी है।

Manipur

मणिपुर में दो महीने बाद कुकी समुदाय ने खोला नेशनल हाइवे, विष्णुपुर में चार की हत्या

इंफाल, (एजेंसी) मणिपुर में हिंसा अभी थमी नहीं है। रविवार को भी खूनी झड़प में चार लोगों की मौत हो गई। वहीं इस बीच अच्छी खबर यह आई है कि दो महीने के बाद कुकी समुदाय के लोगों ने नेशनल हाइवे-2 को खोल दिया है। कुकी समुदाय के दो संगठनों ने इसे दो महीने से बंद कर रखा था। कुकी समुदाय का कहना है कि कांगपोकपी जिले में दो महीने से जो नाकेबंदी थी, उसे हटा लिया गया है। उनका कहना है कि गृह मंत्री अमित शाह की तरफ से शांति और सद्भाव के लिए गंभीरता दिखाए जाने के बाद यह फैसला किया गया है।

उधर विष्णुपुर और चुराचांद्पुर के बॉर्डर पर हुई हिंसक झड़प में कम से कम चार लोगों की मौत हो गई। तीन की मौत गोली लगने से हुई तो वहीं एक का सिर काट दिया गया। दावा यह भी किया गया कि पांच गांव वालों को उग्रवादियों ने बंधक बना लिया है। सीएम एन बिरेन सिंह कुंभी विधानसभा क्षेत्र के अंतरगत आने वाले इलाके में लोगों से मिलने पहुंचे थे। उन्होंने स्वीकार किया कि सुरक्षा व्यवस्था में चूक हुई। उन्होंने इसे सुधारने का भी वादा किया।

Uttarpradesh

देवर से शारीरिक संबंध बनाने को कहती सास, नपुंसक है अफसर पति, पत्नी ने दर्ज कराया केस

मुरादाबाद, (एजेंसी) मुरादाबाद के मझोला थाना क्षेत्र निवासी नवविवाहिता ने अपने गृह मंत्रालय में अफसर पति और उसके परिवार वालों के खिलाफ दहेज प्रताड़ना, धोखाधड़ी, छेड़छाड़ समेत अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़िता ने पति पर नपुंसक होने का आरोप लगाया है। अमरोहा निवासी आरोपी पति की तैनाती दिल्ली में है। थाना मझोला के लाइनपार क्षेत्र निवासी महिला के अनुसार उसकी शादी 26 जनवरी 2023 को अमरोहा जिले के डिडौली थाना क्षेत्र निवासी युवक के साथ हुई थी। युवक दिल्ली स्थित गृह मंत्रालय में अफसर है। पीड़िता के अनुसार पति की सरकारी नौकरी के चलते मायके वालों ने शादी में करीब 30 लाख रुपये खर्च किए थे। आरोप लगाया कि शादी के बाद से पति सास-ससुर और देवर दहेज को लेकर ताने मारते और दस लाख रुपये अतिरिक्त दहेज की मांग करने लगे।

Rajasthan

गर्भवती महिला के गले और पेट पर चाकुओं से किए वार, संबंध रखने मना किया तो पूर्व प्रेमी ने कर दी हत्या

पाली, (एजेंसी) पाली शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र में शनिवार रात चाकुओं से गोदकर हुई गर्भवती महिला की हत्या का खुलासा करते हुए पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। हत्या की वारदात के बाद आरोपी पास की झाड़ियों में जाकर छिप गया गया था, जिसे मोबाइल की लोकेशन के आधार पर पुलिस ने दबोच लिया।

पाली पुलिस ने शहर की मानपुरा भाखरी के पास गर्भवती महिला की हत्या का 24 घंटे में पर्दाफाश करते हुए वारदात स्थल के निकट ही झाड़ियों में छिपे हत्यारे को गिरफतार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक डॉ. गगनदीप सिंगला ने बताया कि एक जुलाई शनिवार की देर शाम कोतवाली थाना क्षेत्र में पीताराम देवासी की पुत्री आशा की गला रेतकर हत्या कर दी गई थी। इस सूचना पर जब पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो आशा का शव पीताराम के घर के पास कमरे में मिला। आशा के शरीर एवं गले पर धारधार हथियार से वार किये गए थे, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी। पुलिस ने इस प्रकरण में नामजद आरोपी महेश के मोबाइल नंबर की लोकेशन ट्रेस की तो उसकी अंतिम लोकेशन घटनास्थल के आस पास ही मिली और उसके बाद मोबाइल बंद आने लगा।

खेल

ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को दूसरे टेस्ट में भी रौंदा बेन स्टोक्स की कप्तानी पारी गई बेकार

नई दिल्ली, (एजेंसी) ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को एशेज सीरीज के दूसरे टेस्ट मैच में 43 रन से हरा दिया है। इस जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया ने एशेज सीरीज 2023 में 2-0 से बढ़त बना ली है। ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को जीत के लिए 371 रन का लक्ष्य दिया था। इसके जवाब में इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स की जूझारू शतकीय पारी के बावजूद टेस्ट मैच के 5वें दिन सभी विकेट खोकर 320 रन ही बना सकी। ऑस्ट्रेलिया ने पहले टेस्ट मैच में इंग्लैंड को 2 विकेट से हराया था।

ऑस्ट्रेलिया ने पांचवें दिन के शुरूआती सत्र में बेन डकेट (83) और जॉनी बेयरस्टो (10) को चलता किया। बेयरस्टो विवादित तरीके से रन आउट हुए जिसके बाद स्टेडियम में मौजूद घरेलू दर्शकों ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ियों पर बेईमानी करने का आरोप लगाया। लंच के विश्राम के लिए जब टीम के खिलाड़ी पवेलियन की तरफ जा रहे थे तब

भी दर्शक 'धोखेबाज, धोखेबाज' का नारा लगा रहे थे। ड्रेसिंग रूम के रास्ते में 'लॉन्ग रूम' में एक दर्शक ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ी के साथ मौखिक रूप से दुर्व्यवहार भी किया।

ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड के सामने 371 रन का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य रखा था। मैच के पांचवें दिन इंग्लैंड के छह विकेट गिरने के बाद स्टोक्स ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 155 रन बनाये, हालांकि यह उनकी टीम को जीत दिलाने के लिये नाकाफी साबित हुआ। स्टोक्स ने अपनी 214 गेंद की पारी में नौ चौके और नौ छक्के जड़े।

इंग्लैंड ने दिन की शुरुआत 114/4 से करते हुए भले ही धैर्य के साथ बल्लेबाजी की, लेकिन पहले ड्रिंक्स ब्रेक के बाद बेन डकेट छोटी गेंद पर विकेटकीपर एलेक्स कैरी को कैच दे बैठे। डकेट ने 112 गेंद पर 83 रन बनाये और वह मैच में दूसरी बार शतक से चूके।

लंच से कुछ देर पहले कैरी ने जॉनी बेयरस्टो की लापरवाही का फायदा उठाकर उन्हें रनआउट कर दिया, जिसके बाद स्टोक्स का आक्रामक रूप देखने को मिला। पहला सत्र समाप्त होने से पहले स्टोक्स ने तीन छक्के जड़ते हुए अपना शतक पूरा किया। दूसरे सत्र में भी उन्होंने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की और स्ट्राइक ज्यादा से ज्यादा अपने पास रखते हुए स्टुअर्ट ब्रॉड के साथ सातवें विकेट के लिये 108 रन की साझेदारी की।

इंग्लैंड हालांकि इस साझेदारी के बावदूज जीत से 70 रन दूर थी। ड्रिंक्स ब्रेक एक बार फिर इंग्लैंड पर भारी पड़ा और स्टोक्स के बल्ले का किनारा लेकर गेंद हवाई यात्रा करते हुए विकेटकीपर कैरी के दस्तानों में समा गई। अगली 14 गेंदों के अंदर ओली रॉबिन्सन (एक) और स्टुअर्ट ब्रॉड (11) भी पवेलियन लौटे। जॉश टंग (19) और जेम्स एंडरसन (तीन नाबाद) ने आखिरी विकेट के लिये 25 रन जोड़े, हालांकि यह ऑस्ट्रेलिया की जीत को कुछ देर के लिये ही टाल सका।

सिनेमा

बाइक पर सवार हुए जेठालाल के बापूजी, कमेंट बॉक्स में आए लोगों के मजेदार रिएक्शन

टीवी सीरियल 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में बापूजी का रोल प्ले करने वाले एक्टर अमित भट्ट ने जब बाइक (हार्ले डेविडसन) की सवारी की तो फैंस के एक्साइटमेंट का ठिकाना नहीं रहा। सोशल मीडिया पर अमित भट्ट की यह तस्वीरें आग की तरह फैल गईं। फोटो में अमित भट्ट बापूजी वाले लुक में बाइक पर सवार नजर आ रहे हैं। ये फोटो इंटरनेट पर आई तो कमेंट बॉक्स में लोगों के मजेदार रिएक्शन देखने को मिले।

एक यूजर ने लिखा, 'जब माधवी को लॉन्ग राइड पर जाना हो और भिड़े का स्कूटर स्टार्ट नहीं हो रहा हो। तब बापूजी।' एक शख्स ने लिखा, 'जब बबीता जी की मां गोकुलधाम विजिट करती है, तब बापूजी।' एक यूजर ने लिखा, 'सरपंच की बेटी से ब्रेकअप के बाद बापूजी कबीर सिंह बन गए हैं।' वहीं एक यूजर ने लिखा, 'जलवा है बापूजी का।' इसी तरह ढेरों कमेंट करके लोगों ने इन तस्वीरों पर मजे लिए हैं।

मालूम हो कि बापूजी और जेठालाल टीवी सीरियल 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' के कुछ सबसे पॉपुलर किरदारों में गिने जाते हैं। यह सीरियल पिछले कुछ वक्त से लगातार सुर्खियों में बना रहा है। शो में काम कर चुके कुछ कलाकारों ने शो की बाकी स्टार कास्ट और सेट के माहौल को लेकर निगेटिव बातें कही थीं जिसके बाद प्रोड्यूसर और डायरेक्टर समेत कई लोग सवालों के घेरे में आ गए थे।

साढ़े 5 लाख की धोखाधड़ी

इंदौर। शेयर मार्केट में निवेश और रुपए दोगुने का लालच देकर साढ़े 5 लाख की धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने एक कंपनी से जुड़े आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। तुकोगंज पुलिस के मुताबिक धोखाधड़ी का वारदात फरियादी लखन पिता कैलाश देपाले निवासी राजाबाग कॉलोनी के साथ हुई। उनकी रिपोर्ट पर शेयर मार्केट कंपनी च्वाईस एकाउंटी प्रालि के लालाराम विश्वकर्मा के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। इस शेयर मार्केट कंपनी का दफ्तर जंजीर वाला चौराहा पर है। पुलिस को फरियादी ने शिकायत आवेदन में कहा था कि आरोपी ने उसे रुपए दोगुना करना का प्रलोभन दिया और शेयर मार्केट क्पनी में रुपए निवेश करवाए। उसने 5 लाख 60 हजार रुपए ले लिए। आरोपी ने न तो दोगुने रुपए दिए और न ही मूल राशि दी। इस तरह उसके साथ धोखाधड़ी की गई। पुलिस ने बताया कि शिकायत आवेदन की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया। आगे की जांच और आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

शराब से भरी कार पकड़ी

इन्दौर। तेजाजी नगर पुलिस ने कल एक कार को पकड़ा है जिसमें शराब भरी हुई थी । ड्राइवर मौके से गाड़ी छोडक़र भाग निकला । कार में 1 लाख की अवैध शराब मिली है। तेजाजी नगर थाने में पदस्थ सब इंस्पेक्टर भागीरथ जाट कल इलाके में शराबी वाहन चालकों की धरपकड़ के लिए चेकिंग अभियान चला रहे थे ,उसी दौरान पुलिस को देख एक स्विफ्ट कार का चालक गाड़ी छोडक़र भाग निकला । पुलिस ने गाड़ी की तलाशी ली तो उसमें लगभग 100 लीटर शराब मिली जो अवैध थी। जब्त शराब की कीमत 1 लाख है । कार दिल्ली पासिंग है । पुलिस कार मालिक और अवैध शराब के मालिक को तलाश रही है।

फैक्ट्री कर्मचारी को ट्रक ने कुचला

इंदौर। फैक्ट्री कर्मचारी को जहां ट्रक ने कुचल दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर आरोपी वाहन चालको पर केस दर्ज किया है। हादसे में भागीरथपुरा में 36 वर्षीय पुष्पेंद्र सिंह की सडक़ हादसे में मौत हो गई। वह फैक्ट्री से घर लौट रहा था। इसी दौरान ट्रक ने कुचल दिया। पुलिस के मुताबिक, घटना रेलवे फाटक के पास की है। भागीरथपुरा निवासी पुष्पेंद्र पिता जयभान सिंह दोस्त गोपाल के साथ सरिया फैक्ट्री से घर लौट रहा था। उसे मिनी ट्रक टक्कर मारकर भाग गया। गंभीर अवस्था में उसे अस्पताल भिजवाया, जहां उसकी मौत हो गई।

डंपर की टक्कर से दंपती घायल

इंदौर। एरोड्रम इलाके में तेज रफ्तार डंपर के चालक ने बाइक सवार दंपती को टक्कर मार दी। वे दोनों घायल हो गए। थाना एरोड्रम पुलिस के मुताबिक घायलों के नाम लखन (34) और निशा (30) हैं। घायलों की रिपोर्ट पर डंपर एमपी 09 एचएच 1949 के चालक पर केस दर्ज किया गया। हादसा टिगरिया बादशाह रोड पर इंफोसिस कंपनी के पीछे हुआ। दंपती को गिरने से पैर, सिर, मुंह और हाथ में चोट आई। इधर, थाना राऊ इलाके में बायपास पर नेहरू नगर कट के पास एक ट्रक ने दिनेश चौहान को टक्कर मारकर घायल कर दिया। उनके पुत्र सूरज चौहान की रिपोर्ट पर ट्रक के चालक पर केस दर्ज किया गया।

कौशल उन्नयन प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन ...

पुलिस अधिकारियों ने जाना, महिला अपराधों में नई तकनीकों एवं फोरेंसिक साक्ष्यों का महत्व

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **पुलिस मुख्यालय महिला सुरक्षा शाखा के निर्देशानुसार इंदौर पुलिस के अधिकारियों के लिए एक दिवसीय कौशल उन्नयन प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन कल पलासिया स्थित पुलिस कंट्रोल रूम के मीटिंग हाल में किया गया।**

उक्त प्रशिक्षण कार्यशाला में पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर मकरंद देऊस्कर की अध्यक्षता में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (का./व्य.) मनीष कपूरिया, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (अप./मुख्या.) राजेश हिंगणकर विशेष उपस्थिति में इंदौर नगरीय पुलिस के अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त, सहायक पुलिस आयुक्त, थानों के थाना प्रभारी, विभिन्न स्थानों पर पदस्थ ऊर्जा डेस्क प्रभारी एवं संबंधित स्टाफ को अतिथियों द्वारा महिला एवं बाल अपराधों में बेहतर अनुसंधान में विभिन्न प्रावधानों, नई तकनीको एवं विभिन्न साक्ष्यों का किस प्रकार से बेहतर उपयोग कर कार्यवाही की जाए इस संबंध में जानकारी दी गई।

इस अवसर पर पुलिस कमिश्नर इंदौर मकरंद देऊस्कर ने कहा कि महिलाओं एवं बच्चों के विरुद्ध होने वाले अपराधों को प्राथमिकता से लेते हुए हमें संवेदनशीलता एवं मानवीय पहलुओं का ध्यान रखते हुए समानुभूति पूर्वक व्यवहार प्रदर्शित करना चाहिए।

उक्त प्रशिक्षण कार्यशाला में आए अतिथि विशेषज्ञों सभी को महिला अपराधों एवं उनकी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विभिन्न बारीकियों से अवगत करवाया जिसमें, एडीपीओ श्रीमती सुशीला राठौर द्वारा पॉक्सो एक्ट एवं उससे जुड़े पहलुओं के बारे में सभी को जानकारी दी।

अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त मुख्यालय श्रीमती मनीषा पाठक सोनी ने सभी को महत्वपूर्ण जानकारी दी साथ ही किसी अपराध में पीड़िता के आने पर हम किस प्रकार का संवेदनशील व्यवहार प्रदर्शित करें और कार्यवाही में हमारी क्या भूमिका हो तथा अन्य संबंधित विभागों से भी किस प्रकार समन्वय स्थापित कर किस प्रकार बेहतर कार्रवाई की जाए इसका एक डेमो रोलप्ले भी उपस्थित प्रशिक्षुओं की विभिन्न टीम बनाकर किया गया। उक्त सफल कार्यक्रम में अधिकारियों एवं अतिथियों द्वारा दी गई महत्त्वपूर्ण जानकारी के लिए अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त महिला सुरक्षा शाखा इंदौर श्रीमती प्रियंका डुडवे द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

एमवाय अस्पताल में 11 साल की बच्ची से छेड़छाड़

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **एमवाय अस्पताल में 11 साल की बच्ची से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। बच्ची के साथ एक आरोपी ने अकेले में अश्लील इशारे कर हरकत करने की कोशिश की। मामला अफसरों तक मामला पहुंचा। तब आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया गया।**

संयोगितागंज पुलिस के मुताबिक 11 साल की बच्ची की मां की शिकायत पर राजेश मोरे निवासी खंडवा के खिलाफ छेड़छाड़, अश्लील इशारे और पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। बच्ची की मां ने बताया कि वह उज्जैन में रहती है। करीब एक माह से अपनी तीन बेटियों ओर पति के साथ खुद का उपचार कराने इंदौर आई हुई है। एमवाय अस्पताल में शनिवार शाम संस्था द्वारा निःशुल्क भोजन दिया जा रहा था। इस दौरान बच्ची खाना लेने गई थी। तभी बच्ची गेट के यहां पहुंची तो राजेश ने उसे अश्लील इशारे किये और हाथ पकडक़र उसे कहने लगा कि वह उसकी गोद में बैठ जाए। बच्ची के दूर जाने पर आरोपी ने उसे जोर से अपनी ओर खींचा। बाद में बच्ची रोते हुए अपनी मां के पास पहुंची और आरोपी की पूरी हरकत बताई। परिवार ने उसे नजदीक ही पकड़ लिया। बताया जाता है कि बच्ची की मां ने पहले आरोपी राजेश मोरे को पकड़ा तो वह बहस करने लगा। रोती हुई बच्ची और उसकी मां एमवाय चौकी पर पहुंची। यहां पुलिसकर्मियों ने उसे सामान्य बात बताया। बाद में मामले की जानकारी अफसरों तक पहुंची। जिसके बाद पुलिस ने राजेश को हिरासत में लेकर उसके खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

दो पक्षों में मारपीट

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट **इंदौर**। लसूडिया इलाके में बायपास के समीप एक प्रोजेक्ट पर निर्माण कार्य के दौरान कृषि भूमि पर जेसीबी मशीन ले आने की बात विवाद हो गया। दोनों पक्षों के बीच मारपीट और पथराव हो गया। पुलिस ने दोनों पक्षों पर केस दर्ज किया गया है। थाना लसूडिय़ा पुलिस के मुताबिक फरियादी सुरेश पिता हरिराम पंचोली (50) निवासी ग्राम मायाखेड़ी की रिपोर्ट पर आरोपी कमल पिता प्रेम पटेल निवासी ग्राम बिसनखेड़ा और इसके साथी पर केस दर्ज किया गया। घटना 29 जून की शाम को भूमि सर्वे क्र. 133/3 ओमेक्स सिटी, मायाखेड़ी पर हुई। फरियादी ने बताया कि मैं और भाई सुरेश खेत पर काम कर रहे थे तभी ओमेक्स सिटी वन का सुपरवाइजर कमल चौहान अचानक हमारी कृषि भूमि पर कुछ लोगों के साथ जेसीबी मशीन ले आया। इससे मेरी फसल नष्ट हो रही थी। मैंने आरोपियों को मना किया और कहा कि हमें क्यों परेशान कर रहे हो, फसल खराब हो रही है। जमीन का केस एडीएम कोर्ट में चल ही रहा है जो भी फैसला होगा हमें मान्य है। तुम जेसीबी हटा लो। इस पर आरोपियों ने गालियां दी और झूमाझटकी कर मारपीट की। उधर, दूसरे पक्ष से फरियादी कमल चौहान की रिपोर्ट पर आरोपी सुरेश पंचोली, अशोक पंचोली और अन्य साथी पर केस दर्ज किया गया। फरियादी ने बताया कि ओमेक्स सिटी वन के प्रथम प्रोजेक्ट की जमीन पर काम चल रहा था। 30 जून की शाम प्रोजेक्ट कर्मचारियों के साथ आरोपियों ने गाली-गलौज की और मारपीट की। आरोपियों ने जेसीबी पर पथराव भी कर दिया। आरोपी पास ही खड़े मेरे गनमैन राजेंद्र से उनकी गन पकड़ कर आत्महत्या करने का प्रयास करने लगा था।

किशोर पर हमला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट **इंदौर**। हीरा नगर इलाके में आपसी विवाद में तीन आरोपियों ने बाइक सवार एक किशोर पर सरिए से हमला कर घायल कर दिया। थाना हीरानगर पुलिस के मुताबिक मारपीट की घटना फरियादी शिवांशु पिता कमल (17) निवासी काशीपुरी कॉलोनी के साथ हुई। आरोपी कुणाल राय निवासी भानगढ़, प्रिंस परिहार निवासी एमआर 10 और आकाश चौहान निवासी भाग्य लक्ष्मी कॉलोनी के खिलाफ केस दर्ज किया गया। फरियादी ने बताया कि वह बाइक पर भानगढ़ रोड पर जा रहा था। तभी आरोपियों ने उसे रोक लिया। वह रुका तो कुणाल और उसके दोस्तों ने आलोक चौहान से हुए विवाद की बात को लेकर गालियां दी। मोटरसाइकिल पर लात मारकर गिरा दिया और सरिए से हमला कर दिया और मारपीट की।

कर्ज से परेशान होकर दी जान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इन्दौर। **एक युवक ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी, उसने कई जगह से कर्जा ले रखा था। पत्नी इसी बात को लेकर नाराज हो रही थी।**

जानकारी के अनुसार मृतक का नाम चंद्रभान पिता परमानंद निवासी घासीराम की चाल पाटनीपुरा है । शनिवार को उसने फांसी लगा ली ,उसके बारे में जानकारी मिली है कि उसने कई जगह से कर्ज ले रखा था । गाड़ी भी फाइनेंस करवाई थी। किश्त भरने में उसे दिक्कत आ रही थी और वह परेशान भी था। कल पत्नी से उसकी कहासुनी हो गई और पत्नी भी उस पर कर्ज की वजह से नाराज हो गई इसी के चलते उसने खुदकुशी कर ली। पुलिस मर्ग कायम कर जांच की जा रही है। इसी प्रकार संयोगितांज इलाके में रहने वाले रोशन पिता भावसिंह निवासी श्यामचरण शुक्ल नगर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। रिश्तेदार दीपक रविवार सुबह मृत हालत में एमवाय लेकर पहुंचा था। संयोगितागंज पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

DGR
Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

दैनिक समाचार पत्र/न्यूज़ पोर्टल/न्यूज़ चैनल
Daily Newspaper
www.dgr.co.in
Worldwide News portal
www.detectivegroupreport.com
Worldwide Youtube channel
https://youtube.com/c/DETECTIVEGROUPREPORT

समाचार, विज्ञापन और समूह से जुड़ने के लिए संपर्क करें
+91 91110 30505
Email-: dgrnewsnetwork@gmail.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ प्रबंध संपादक - महेन्द्र आर.पालीवाल, ■ समूह PRO - एल.एन. उग्र ■ फोन : 0731-2433667 ■*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।